दिनांक 04.04.2024 को सभी आधार केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक की बैठक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, वैशाली की अध्यक्षता में आहूत की गयी जिसकी कार्यवाही निम्नवत है :-

उपस्थिति-यथा पंजी

- सभी आधार केन्द्र के विद्यालय प्रधानाध्यापक को आधार नामांकन बढ़ाने हेतु निदेश दिए गए।
- सभी आधार केन्द्र के विद्यालय प्रधानाध्यापक को आधार केन्द्र में फर्निचर (कम्प्युटर टेबुल, 04 कुर्सी, पंखा, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था दिनांक 06.04.2024 तक उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए गए।
- आधार केन्द्र में कार्यरत सभी डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का मानदेय भुगतान माह मार्च तक का दिनांक 10.04.2024 तक करते हुए अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित एवं प्रत्येक माह के 10 तारीख तक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का मानदेय भुगतान 17244 रु0 प्रति ऑपरेटर छात्रकोष /विकास कोष (जिसमें राशि पर्याप्त हो) करने हेतु निदेश दिए गए।
- आधार केन्द्र से आने वाले राशि को विद्यालय के अभिश्रव में संधारित करते हुए विद्यालय के विकास कोष के बैंक खाते में माह समाप्ति उपरांत जमा करने हेतु निदेश दिए गए।
- सभी आधार केन्द्र के विद्यालय प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया कि अपने प्रखण्डाधीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से वार्तालाप करते हुए सभी विद्यार्थियों जिनका आधार पंजीकृत नहीं है। वैसे विद्यार्थियों को आधार पंजीकरण करवाने हेतु निदेश दिए गए।
- आधार केन्द्र के डाटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा प्रायः अवगत कराया जाता है कि बिजली के समस्या के कारण आधार पंजीकरण कार्य बाधित हो जाता है। सभी आधार केन्द्र के विद्यालय प्रधानाध्यापक को आधार केन्द्र के लिए इन्वटर एवं बैट्री उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए गए।
- कई आधार केन्द्र के विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा आधार ऑपरेटर के आवकाश हेतु मार्गदर्शन मांगा गया। जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कुल वर्ष में 12 दिन अवकाश है जिसके संबंध में निदेश दिए गए।
- सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को प्रतिदिन आधार केन्द्र का अनुश्रवण करने हेतु निदेश दिए गए।
- आर0पी0सी0जे0 हाई स्कुल बेलवर घाट एवं राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय बखरी दोआ के प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि आधार केन्द्र का लैपटॉप खराब हो गया है। प्रधानाध्यापक को नया लैपटॉप विद्यालय में उपलब्ध कोष से अविलम्ब खरीदने हेतु निदेश दिए गए।
- जी0ए0 उच्च विद्यालय लालगंज के प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि आधार केन्द्र के लिए बॉयोमैट्रीक का खरीद उनके द्वारा कर लिया गया है। आधार केन्द्र को अतिशीध्र अधिष्ठापित करने हेतु निदेश दिया गया।
- विद्यालयवार आधार केन्द्र कक्ष की समीक्षा विवरणी अनुलग्नक-1 संधारित।

अंत में बैठक की समाप्ति की गई।

05-04-24

(कुमार शशि रंजन)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, वैशाली

ज्ञापांक 977 /हाजीपुर, दिनांक 05/4/24

प्रतिलिपिः प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सभी आधार केन्द्र, जिला-वैशाली को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला-वैशाली को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

05-04-24

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, वैशाली

5/4/24